महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र
चौकमाफी पीपीगंज गोरखपुर उत्तर प्रदेश २७३१६५
Mahayogi Gorakhnath Krishi Vigyan Kendra
Chaukmafi (Peppeganj), Jangal Kaudiya Gorakhpur, U.P-273165
Website : http://www.mgkvk.in Email: gorakhpurkvk2@gmail.com

डॉ विवेक प्रताप सिंह
विशेषज्ञ - पशुपालन

पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं गर्भ जांच

दुधारू पशुओं का समय–समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने से बड़ी और गंभीर घातक बीमारी से बचा जा सकता है। व्याने के बाद यदि दुधारू गाय–भैंस तीन माह तक गर्मी पर नहीं आती है या फिर बार–बार गर्मी पर आने के बाद भी गर्भ नहीं ठहरता है तो उसके गर्भाशय की जांच करा कोई कमी होने की दशा में बांझपन चिकित्सा कराने चाहिए वरना व्यांत की अवधि बढने पर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। गाय–भैंस के गर्मी के लक्षण प्रकट करने के बाद उसे तत्काल गर्भित न कराकर गर्मी में आने के 12 से 24 घंटे बीच में गर्भित कराना चाहिए। ऐसा करने पर गर्भ ठहरने का प्रतिशत काफी बढ़ जाता है। इस प्रकार से पशुपालक दुधारू पशुओं की देखभाल रखें तो नुकसान को कम कर अधिक लाभ कमा सकते हैं।